हादसे में कॉन्स्टेबल की हुई मौत

अजमेर, (कासं)। मांगलियावास थाना क्षेत्र में सड़क हादसा सामने आया है, हादसे में राजसमंद जिले के राजनगर थाने में तैनात कॉन्स्टेबल की मौत हो गई। सूचना मिलते ही मांगलियावास थाना पुलिस मौके पर पहुंची और कॉन्स्टेबल के शव को जेएलएन हॉस्पिटल की मोर्चरी में रखवाया है। पुलिस के द्वारा इसकी सूचना परिजनों को दी गई है। मांगलियावास थाना पुलिस एक्सीडेंट को लेकर जांच में जुटी है।

मांगलियावास थाना प्रभारी सुनील ताडा ने बताया कि सराधना चौकी के नजदीक मसानिया भैरव धाम के नजदीक दूदू निवासी कॉन्स्टेबल राजू (28) पुत्र लक्ष्मीनारायण चौधरी की कार का एक्सीडेंट हो गया। हादसे में कॉन्स्टेबल की मौत हो गई। कॉन्स्टेबल के शव को जेएलएन हॉस्पिटल की मॉर्च्युरी में रखवाया गया है। सूचना मिलते ही हॉस्पिटल में पुलिस उपाधीक्षक छवी शर्मा, कोतवाली थाना पुलिस भी पहुंची और घटना की जानकारी ली गई। पुलिस के द्वारा कॉन्स्टेबल के परिजनों को एक्सीडेंट की जानकारी दी गई है। परिजनों के अजमेर पहुंचने के बाद पोस्टमार्टम की कार्रवाई कर शव परिजनों को सुपुर्द किया जाए।

17.50 लाख रुपए की सीसी सड़क का शिलान्यास

अजमेर, 25मई(कासं)। अजमेर दक्षिण विधायक एवं पूर्व महिला एवं बाल विकास मंत्री अनिता भदेल ने गुरुवार को वार्ड नं. 29 रेलवे मेंस कॉलोनी, अजयनगर में अपने विधायक कोष से स्वीकृत 17.50 लाख रुपए की लागत से बनने वाली सीसी सडक निर्माण कार्य का पूजा अर्चना के साथ शिलान्यास किया।

विधायक भदेल ने जनता से संवाद करते हुए कहा कि क्षेत्रवासियों की मांग के अनुरुप इस सडक का शिलान्यास किया जा रहा है। भाजपा ने अपने कार्यकर्ताओ के कहे अनुसार निर्माण कराये है भाजपा का कार्यकर्ता जो कहता है वो करता है। कार्यक्रम में क्षेत्रीय पार्षद हेमलता खत्री, आर्य मण्डल अध्यक्ष मोहन लालवानी, मण्डल महामंत्री भवानी सिंह जैदिया, गोविन्दराज, शक्ति केन्द्र प्रभारी सुरेश रुपानी, जीवन तेजी, मोहन मोटवानी, पूरण, दिनेश भंभानी, भगवान हरवानी, महादेव थदानी, अशोक हरी रामानी, मोहन आसवानी, प्रकाश पुरसाणी, संजय गुप्ता, प्रीति खटवानी, नानक गजवानी सहित अन्य क्षेत्रवासी उपस्थित रहे। व्यापारियों को पीले चावल वितरित कर न्योता दिया – आगामी 31 मई को अजमेर आ रहे प्रधानमंत्री माननीय नरेन्द्र मोदी की विशाल जनसभा में आने को लेकर अजमेर दक्षिण विधायक भदेल ने गुरुवार को अजयनगर बाजार, श्रीनगर रोड, मेयो लिंक रोड, धोलाभाटा रोड के व्यापारियों को निमंत्रण के लिए पीले चावल बाटकर अधिक से अधिक संख्या में पधारने हेतु आग्रह किया।

मंत्री अनिता भदेल ने गुरुवार को वार्ड नं. 29 रेलवे मेंस कॉलोनी, अजयनगर में सड़क का शिलान्यास किया।

काली माता का मेला 28 को

अजमेर (कासं)। सर्व श्री रैगरान चारो बांरी पंचायत अजमेर द्वारा हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी काली माता का मेला 28 मई रविवार को धूमधाम से भरा जायेगा इसी हेतु मेले को सफल बनाने हेतु एक मिटिंग आयोजित की गई जिसमें विभिन्न कमेटियों का गठन किया गया मिटिंग की अध्यक्षता छगनलाल दौलिया व गुलाबचन्द संवासिया द्वारा की गई।

यह जानकारी देते हुए अध्यक्ष अरविन्द धौलखड़िया ने बताया कि इस हेतु विभिन्न कमेटियो का गठन किया गया जिसमें मुख्य रूप से मेला प्रबन्ध कमेटी में छगनलाल दोलिया, शिवराज पटेल, हेमन्त पटेल, अमरचन्द पटेल, बंसीलाल डबरिया, ब्रदीलाल कसौटिया, कन्हैयालाल नोगिया, शंकरलाल नवल, विजय कुमार धौलखेडिया, गुलाबचन्द संवासिया, प्रेमचन्द मौर्य, किर्तन खेतावत, मुकेष सुनारीवाल, शंकर रेडिया, अरविन्द धौलखेडिया, प्रेमराज कसौटिया, पानी प्रबन्ध कमेटी मे ललित खोरवाल, टेण्ट पॉडाल कमेटी मे मदनलाल खेतावत आदि प्रमुख कमेटियों का गठन किया गया व उन्हें अपनी-अपनी जिम्मेदारिया सौप कर मेले को सफल बनाने हेतु कहा गया।

सार-समाचार

राज्यपाल ने किया सम्मानित

ब्यावर (निसं) प्रदीप राठी का महामहिम राज्यपाल ने किया सम्मान।अमर शहीद कु. प्रताप सिंह बारहठ की 130 वी जयंती पर बलिदानी मिट्टी जिसमे कु.प्रताप की जन्म स्थली उदयपुर, मेघटिया, भीलवाड़ा, शाहपुरा देवखेड़ा ,कोटा(समाधि स्थल) बरेली की बलिदानी एवम क्रांतिकारी मिट्टी का अमृत कलश यात्रा उदयपुर से जयपुर पहुंची। 24 मई को महामाहिम राज्यपाल कलराज मिश्र,के मुख्य आतिथ्य में रविंद्र मंच के मुख्य समारोह मे पुर्व विधान सभा अध्यक्ष कैलाश मेघवाल, मंत्री महेश जी जोशी, पूर्व सांसद राज्य सभा ओकर सिंह लखावत, सी डी देवल, प्रताप पूरी जी महाराज के आतिथ्य में शहीद परिजनो का सम्मान किया गया, जिसमे ब्यावर के सेठ दामोदर दास राठी के देश की आजादी में दिए योगदान को रेखांकित करते हुए उन्हीके वंशज श्री प्रदीप राठी को राज्यपाल ने सम्मानित किया। सम्मानित होने वाले अन्य शहीद परिवार जनों में गोपाल सिंह खरवा के गोविंद सिंह खंडेला, प्रताप सिंह बारहठ के विशाल सिंह माणिक भवन,खुदीराम बोस के प्रकाश हलधर,महावीर सिंह राठौड़ के असीम राठौड़, कान दास मेहडू के अजीत सिंह गेलवा, फतह करण चारण के वंशजों को भी सम्मानित किया।

भाजपा के बयानों की कांग्रेसियों ने की कड़े शब्दों में निंदा

अजमेर (कासं)। राजस्थान पीसीसी के सदस्य एवं पूर्व विधायक डॉ राजकुमार जयपाल, कुलदीप कपूर, फकरे मोइन, शिव कुमार बंसल, महेश चौहान, ओबीसी विभाग के जिला अध्यक्ष मामराज सेन राजस्थान प्रदेश कांठोस कमेटी चिकित्सा प्रकोष्ठ के प्रदेश उपाध्यक्ष डॉ संजय पुरोहित ने भारतीय जनता पार्टी के प्रदेशाध्यक्ष सीपी जोशी के बयान राजस्थान में कांग्रेस की सरकार रिपीट नहीं डिलीट हो रही है की कड़े शब्दों में निंदा की है।

कांग्रेसी नेताओं ने संयुक्त वक्तव्य जारी कर बताया कि भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष मुंगेरीलाल के हसीन सपने देख रहे हैं ! उन्होंने तंज कसते हुए कहा कि भाजपा की हाल ही ने हुई भाजपा की बैठक में अशोक गहलोत एवं सचिन पायलट के मुद्दे को चुनावी मुद्दा बनाने की घोषणा की है जो कि हास्यास्पद है। भाजपा प्रदेश में अपनी पार्टी की अंतर्कलह को संभाले, भाजपा राजस्थान की गहलोत सरकार के खिलाफ अनर्गल बयानबाजी कर राजस्थान प्रदेश की जनता को गुमराह कर रही है।उन्होंने कहा कि केंद्र की मोदी सरकार की कथनी और करनी में फर्क है भाजपा प्रदेश अध्यक्ष केंद्र की मोदी सरकार के विकास कार्यों को चुनावी मुद्दा बनाकर आगामी चुनाव में आम जनता के सामने जाएं! महंगाई बेरोजगारी गरीबी गैस डीजल एवं पेट्रोल के दामों में भारी बढ़ोतरी से आम जनता त्रस्त है ! प्रदेश की जनता जागरूक हो गई है अब वह बहकावे में नहीं आएगी।

उन्होंने कहा कि राजस्थान की जनता सरकार रिपीट चाहती है !आम आदमी महसूस करता है कि अपने तीसरे कार्यकाल में मुख्यमंत्री अशोक गहलोत पूरी तरह आम जनता के प्रति समर्पित रहे कोरोना संक्रमण काल बेहतर आपदा प्रबंधन किया था जिसकी देश एवं विदेश में सराहना की गई कोरोना संक्रमण काल में जिस तरह आम आदमी के लिए अस्पताल दवा ऑक्सीजन की व्यवस्था की गई उससे लाखों लोगों की जान भी बची। जबकि केंद्र की मोदी सरकार पीएम केयर फंड का हिसाब नहीं दे रही है । नि:शुल्क स्वर्णप्राशन ड्रॉप्स पिलाई

ब्यावर (निसं) श्री चांदमल मोदी राजकीय आयुर्वेदिक चिकित्सालय में प्रति माह पुष्य नक्षत्र में नि:शुल्क स्वर्णप्राशन शिविर आयोजित किया जाता है ।डॉ.पारस चौहान प्रधान चिकित्साधिकारी के नेतृत्व में स्वर्ण प्राशन संस्कार शिविर आयोजित किया गया ।आयुर्वेद चिकित्सा पद्धित कि वह धरोहर है जो बच्चों में मौसमी संक्रमण विषाणु जनित संक्रमण आदि बीमारियों से रक्षा करता है तथा बीमारियों से लड़ने के लिए रोग प्रतिरोधक क्षमता को बढ़ाता है। इस संस्कार से बच्चों में शारीरिक व मानसिक विकास होता है। आयुर्वेद के क्षेत्र से जुड़े हमारे ऋषि-मुनियों एवं आचार्यों ने हजारों वर्ष पूर्व वायरस और बैक्टीरिया जनित बीमारियों से लड़ने के लिए एक ऐसा रासायनिक निर्माण किया जिसे स्वर्ण प्राशन कहा जाता है। बच्चों के बेहतर स्वास्थ्य में स्वर्णप्राशन की बहुत अच्छी भूमिका निभाता है।

लायंस क्लब ने विश्व तम्बाकु निषेध दिवस मनाया

अजमेर, 25 मई, (कासं)। विश्व तम्बाकु निषेध दिवस के अवसर पर तम्बाकु निषेध सप्ताह के तहत 25 मई से 31 मई तक लायंस क्लब अजमेर पृथ्वीराज द्वारा विभिन्न आयोजन किए जायेंगे। लायंस मार्केटिंग के डिस्ट्रिक चेयरपर्सन लायन राजेंद्र गांधी ने बताया कि 26 मई को आमजन को जागरूक करने के लिए जिला प्रशासन द्वारा आयोजित मैराथन में भाग लेंगे। मैराथन शुक्रवार को प्रात: 6:30 बजे से पुरानी चौपाटी से अरबन हाट बाजार वैशाली नगर तक आयोजित की जाएगी। इसी तरह निबंध, चित्रकला, स्लोगन प्रतियोगिता आयोजित की जायेगी। विजेताओं को पुरस्कृत किया जाएगा। क्लब अध्यक्ष लायन गजेंद्र पंचोली ने बताया कि 31 मई को माकड़वाली रोड स्थित वृंदावन पब्लिक स्कूल में मुख्य आयोजन किया जाएगा। तंबाकू मुक्त राजस्थान के लिए जनजागरूकता रैली, पोस्टर, बेनर, पैंपलेट वितरण आदि गतिविधियां अयोजित की जायेगी। स्वस्थ्य भारत की डिस्ट्रिक चेयरपर्सन लायन आभा गांधी ने बताया कि तंबाकू एवम् इसके उत्पाद व धुमपान के सेवन से शरीर में नुकसान होता है।

कांग्रेस की पायल गहलोत ने संभाला नागौर नगर परिषद की सभापति का पद्भार

नागौर। सरकारी आदेश के तहत गुरुवार को नगर परिषद के सभापति पद पर वार्ड नंबर 11 से निर्वाचित कांठोस पार्षद पायल गहलोत ने पदभार ठाहण कर लिया। पुष्य नक्षत्र के शुभ मुहूर्त में पायल गहलोत ने अपने परिजनों के साथ नगर परिषद कार्यालय में पहुंचकर सबसे पहले भगवान गणेश की पूजा अर्चना की और उसके बाद शहर के गणमान्य लोगों की मौजूदगी में सभापति का पदभार ठाहण कर लिया।

उन्होंने अपनी सीट पर बैठने से पहले पूर्व सभापति स्वर्गीय कृपाराम सोलंकी को नमन किया और विधिवत पदभार ठाहण किया। इस दौरान नगर परिषद के अधिशासी अभियंता रामप्रसाद मीणा ने उन्हें पदभार की औपचारिकता पूरी करवाई। इस दौरान पूर्व विधायक हबीबुर्रहमान, पायल के ससुर जेठमल गहलोत, पति प्रणय गहलोत सहित शहर के कई कांठोसी पार्षद मौजूद रहे। स्वायत्त शासन विभाग के निदेशक हृदेश कुमार शर्मा ने बुधवार को सभापति के लिए पायल गहलोत के नाम का आदेश जारी किया था। विभागीय आदेश में कहा गया है कि नागौर नगर परिषद क्षेत्र के वार्ड नंबर 11 की पार्षद पायल गहलोत को आगामी 60 दिनों के लिए सभापति पद पर नियुक्त किया गया है। आदेश में यह भी बताया गया है की 60 दिवस के अलावा भी यदि राज्य सरकार कोई अतिरिक्त आदेश दे तो उसके अनुसार उनको आगे भी नियुक्त किया जा सकेगा। गौरतलब है कि पायल गहलोत नागौर शहर के समाजसेवी जेठमल गहलोत की पुत्रवधू हैं और वह कांठोस के टिकट पर वार्ड नंबर 11 से निर्वाचित हुई थी। गहलोत के पद भार संभालने के साथ ही समर्थकों ने एक दूसरे का मुंह मीठा करवाकर खुशी जताई। गौरतलब हैं कि नगर परिषद की निर्वाचित सभापति मीतू बोथरा को राज्य सरकार ने 16 मई को निलंबित कर दिया था।

कांग्रेस की पायल गहलोत ने नागौर नगर परिषद की सभापति का पदभार संभाला।

धरना वापस लिया गया

अजमेर, (कासं)। आम आदमी पार्टी का धरना लगातार छठे दिन भी संभाग के सबसे बड़े अस्पताल जवाहर लाल नेहरू चिकित्सालय में चल रहा था। अस्पताल प्रशासन की ओर से डॉ एस के भास्कर (अतिरिक्त प्राचार्य जवाहर लाल नेहरू मेडिकल कॉलेज) एवं अस्पताल अधीक्षक नीरज गुप्ता जी धरना स्थल पर पहुंचे, उन्होने आप पदाधिकारियों से बात की तथा कार्य की गति को तेज करवाने की बात कहते हुए चार दिनों समय मांगा तथा आप पदाधिकारियों को मिडिया के सामने ही सोमवार को अस्पताल का निरीक्षण करवाने की बात कही जिस पर आप पदाधिकारियों ने प्रशासन की बात मानते हुए धरना उठा लिया।

आप अजमेर लोकसभा अध्यक्ष त्रिवेंद्र पाठक ने बताया कि अतिरिक्त प्राचार्य डॉ भास्कर से बात चीत के बाद आज छठे दिन आम आदमी पार्टी ने धरने का समापन किया है, अस्पताल में आम आदमी पार्टी के दखल के बाद सुधार हुआ है लेकिन कार्य गति धीमी होने के कारण धरना जारी रखा गया था, आज डॉ भास्कर और अधीक्षक डॉ नीरज गुप्ता ने ये आश्वासन दिय।

बैठक संपन्न

शाहपुरा । बनेडा क्षेत्र में पर स्तिथ कार्यालय पर नापो जल बचाओ जल अभियान हेतु रूपरेखा तैयार की गई जिसमे प्रत्येक ग्राम पंचायत में 4 कुंए को जल की गहराई नापने की प्रक्रिया को बताया गया व समुदाय को समिलित करते हुए गांव के लोगो के साथ ऐप डाउनलोड कर लंबे समय तक प्रति वर्ष दो बार जल गहराई को अपडेट करने के प्रति आवश्यक जानकारियां दी गई समुदाय हित को सरंक्षित करने हेतु जल प्रबंधन योजना निर्माण में इसके अभियान की महता को प्रकाश में लाया गया।

शिविर से शिक्षकों को मुक्त किया जाये

ब्यावर (निसं)राजस्थान शिक्षक संघ राष्ट्रीय जिला ब्यावर द्वारा उपखंड अधिकारी मृदुल सिंह को ज्ञापन देकर महंगाई राहत शिविरों से शैक्षिणक कार्मिकों को मुक्त कर गैरशैक्षिणक स्टाफ के कार्मिकों को लगाने हेतु ज्ञापन सौंपा ।

शाहपुरा में कहार प्रीमियर लीग का उद्घघाटन

शाहपुरा । कहार प्रीमियर लीग 5 का उद्घघाटन गुरुवार को राजकीय सीनियर सेकेंडरी स्कूल के खेल मैदान में हुआ। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए सांसद सुभाष बहेडिया ने युवाओं को प्रेरित कर कहा युवा समाज को आगे की ओर ले जा रहे हैं,पालिका अध्यक्ष रघुनंदन सोनी ने अपने संबोधन में कहा समाज अब बहुत आगे बढ़ रहा है,इसी और श्याम सेवा समिति के सदस्यो ने बेगू चोराया पर वाटर कूलर लगाने की घोषणा की। उद्घघाटन कार्यकर्म के मुख्य अतिथि सांसद सुभाष बहेडिया कार्यकर्म की अध्यक्षा पालिका चेयरमैन रघुनंदन सोनी विशिष्ट अतिथि भाजपा नगर अध्यक्ष राजेश पारीक सानिध्य महंत सीताराम बाबा विद्युत विभाग के सहायक अभियंता धर्मराज बैरवा बैरवा महासभा के प्रदेश अध्यक्ष लालाराम बैरवा भाजपा नेता अविनाश जीनगर विहिप के रामेश्वर लाल धाकड़ पार्षद मोहन गुर्जर,राजेश खटीक,अशोक छीपा,मुकेश मालावत,दुर्गा लाल कहार,स्वराज सिंह,भगवती प्रसाद शर्मा,भेरू कहार,कहार नवयुवक मंडल अध्यक्ष राजू कहार पूर्व अध्यक्ष प्रहलाद कहार महामंत्री खुशीराम आचार्य,राजू कहार,मोहन रेगर रामजी मेट मोहन,छगना,रमेश, प्रेम कहार केपीएल समिति के सदस्य महावीर, मुकेश, बंटी, शिवराज, नारायण, गोपाल, लालाराम, बाबू, कैलाश,राजू कहार तथा कहार समाज के पंच पटेल वह केपीएल समिति के सदस्य ने मां सरस्वती के तस्वीर पर माल्यार्पण वह दीपक लगाकर कार्यक्रम की शुरुवात की। इसी दौरान पार्षद दुर्गा लाल कहार ने बताया की सुबह 10 बजे उद्घाटन मैच में शाहपुरा सुपर किंग वर्सेज शाहपुरा इंडियंस के बीच मैच खेला गया। शाहपुरा इंडियंस ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करने उतरी ओर 90 रन का टारगेट दिया और टारगेट का पीछा करने उत्तरी शाहपुरा सुपर किंग 12 वे की चोथी बोल पर ज्ञानचंद ने चौका मार कर मैच जीता दिया।

इस मैच का मेन ऑफ द मैच प्रदीप कहार रहे जिसने 5 विकेट लिए तथा दूसरा मैच शाहपुरा रॉयल्स चैलेंजर वर्सेज शाहपुरा टाइटंस के बीच खेला गया रॉयल्स चैलेंजर शाहपुरा 19 रनों विजेता रही। इस मैच का मेन ऑफ द मैच विनोद कहार रहे। इसी प्रकार प्रतिदिन 3 मैच खेले जाएंगे। इस प्रतियोगिता का फाइनल मैच 31मई को होगा। प्रतियोगिता में कहार समाज की कुल 6 टीमें भाग ले रही है जिसमे प्रदेश के सभी जगह से समाज के खिलाड़ी भाग ले रहे हैं।

माहेश्वरी वंशोत्पाति दिवस मनाया

ब्यावर (निसं) माहेश्वरी समाज के 5156 वे माहेश्वरी वंशोत्पाति दिवस को महेश नवमी के रूप ने मनाया जा रहा है। मुख्य संयोजक विट्ठल राठी ने बताया की विजयनगर रोड स्थित माहेश्वरी बगीची, शिव मंदिर में अध्यक्ष सुनील मूंदड़ा, उपाध्यक्ष नरेंद्र झंवर, मंत्री पुरषोत्तम जाजू, उपमंत्री नारायण हेड़ा व सूर्य प्रकाश झंवर सहित प्रबंध कार्यकारिणी सदस्यो ने ध्वजारोहण कर भगवान महेश की पूजा अर्चना कर भव्य महाआरती की । अभिनंदन प्रबंधक पवन बिहानी ने बताया की समाज के 80 वर्ष से ऊपर के बुजुर्ग लादूराम सोमानी, विजय करण कांकाणी , शांति देवी मूंदड़ा, 93 वर्षीय अचरज मुंदड़ा, देवीलाल बजाज, तेजकरण डोडिया,आनंद स्वरूप हेड़ा, भगत राम सोमानी, राधा किशन भूतड़ा, राधाकिशन मालपानी का माला व शाल पहना कर अभिनंदन किया गया।सेवा संगठन अध्यक्ष अनिल सोमानी, मंत्री अंकुर काबरा ने बताया की कुर्सी दौड़ प्रतियोगिता का अयोजन रखा।

विश्व तम्बाकु निषेध दिवस पर बैठक हुई

अजमेर, (कासं)। विश्व तम्बाकु निषेध दिवस के उपलक्ष्य में विभिन्न गतिविधियां आयोजित करने के सम्बन्ध में समन्वय समिति की बैठक अतिरिक्त जिला कलेक्टर राजेन्द्र सिंह की अध्यक्षता में गुरूवार को आयोजित हुई।

अतिरिक्त जिला कलैक्टर राजेन्द्र सिंह की अध्यक्षता में अर्न्तविभागीय एवं समन्वय समिति बैठक का आयोजन किया गया। मुख्य चिकित्सा एंव स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. अनुज पिंगोलिया एवं उप मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ0 रामस्वरूप किराडियां द्वारा विश्व तम्बाकु निषेध दिवस के सम्बन्ध में आयोजित की जाने वाली गतिविधियों से अवगत कराया गया। विश्व तम्बाकू निषेध दिवस के उपलक्ष्य में तम्बाकू निषेध सप्ताह 25 मई से 31 मई तक निर्धारित की गई गतिविधियों का आयोजन किया जाएगा। इसके तहत जिले के अन्य विभागों को कार्य योजना समझाकर समन्वय स्थापित किया जाएगा।

एडीएम सिंह ने कहा कि ब्लॉक स्तर पर भी एसडीएम की अध्यक्षता में ब्लॉक स्तरीय कमेठी का गठन कर गतिविधियां आयोजित की जाएगी। आमजन को जागरूक करने के लिए 26 मई को मैराथन का आयोजन किया जा रहा हैं । मैराथन सुबह 6:30 बजे से पुरानी चौपाटी आनासागर लिकं रोड क्रिशनगंज शिव मन्दिर के सामने से अरबन हाट वैशाली नगर तक आयोजन की जाएगी। इसी प्रकार ब्लॉक स्तर पर भी रैलियों का आयोजन किया जाएगा। प्रत्येक ब्लॉक स्तर पर 31 मई को पचांयती राज प्रतिनिधियों की कार्यशाला का आयोजन किया जाएगा। इसमें तम्बाकू मुक्त ठाम पचांयत विषय पर चर्चा कर नियमानुसार आवश्यक कार्यवाही करने के लिये संबंधित विभाग को निर्देश दिए गए। इसके अतिरिक्त जिले व ब्लॉक के संचालित चिकित्सा संस्थानों को तम्बाकू मुक्त क्षेत्र के रूप में विकसित किया जाएगा।

उन्होंने कहा कि ठाम स्तर पर आशा सहयोगनी द्वारा डोर-टू-डोर सर्वे कर तम्बाकू उपभोगियों की पहचान कर परामर्श एवं उपचार दिया जाएगा। कोटपा अधिनियम के अन्तर्गत चालान कार्यवाही भी की जाएगी। इसके अतिरिक्त एनसीडी कार्यक्रम के अन्तर्गत चल रहे 100 दिवस फिट हैल्थ कैंपयन के अर्न्तगत सभी विभागों को अपने संस्थानों पर नोडल अधिकारी नियुक्ति करने के निर्देश दिए। साथ ही अपने कार्यालय समस्त अधिकारी एवं कार्मिकों की एनसीडी स्क्रिनिंग, ऑरल कैंसर, ब्रेस्ट कैंसर आदि करवाना सुनिश्चित करें।

अजमेर में मोदी की आम सभा की तैयारियां जोरो पर

अजमेर, (कासं)। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जनकल्याण को समर्पित 9 वर्ष पूर्ण होने पर अजमेर के कायड़ विश्राम स्थली मे आयोजित होने वाली आम सभा की तैयारियों को लेकर भाजपा ने कमर कस ली है,शहर को दुल्हन की तरह सजाया जा रहा है,पार्टी द्वारा झण्डे बैनर, कट आउट के माध्यम से भाजपामय किया जा रहा है,सभी प्रदेश और राष्ट्रीय स्तरीय नेता तैयारियों में जुट गए है, कायड़ विश्राम स्थली के सभास्थल पर पंडाल लगना शुरू कोआर्डिनेशन के लिए कंट्रोल रूम बनाया गया जिस कंट्रोल रूम के माध्यम से सभा से संबंधित सभी जानकारी ली व दी जा सकेगी,जिसके कंट्रोल रूम के संपर्क मे पार्टी के राष्ट्रीय, प्रदेश, जिला पदाधिकरी व आम कार्यकर्ता जुड़े रहेंगे

सभी के मीडिया कॉर्डिनेटर पूर्व जिलाध्यक्ष अरविन्द यादव ने बताया कि पंच सरपंचों की बैठक,केकड़ी के कार्यकर्ताओ से आमसभा की तैयारियों की समीक्षा की।

नेता प्रतिपक्ष राजेंद्र राठौड़ अजमेर व इसके समीपवर्ती सभी जिलों के लगातार प्रवास पर है बैठकों के माध्यम से आम सभा मे होने वाली व्यवस्थाओ व अधिकाधिक संख्या मे आमजन को आम सभा से जोड़ने के लिए वृहद स्तर पर तैयारियां की जा रही है।

नेता प्रतिपक्ष राजेंद्र सिंह राठौड़ ने केकड़ी की बैठक मे कार्यकर्ताओं व आमजन को संबोधित करते हुए कहा कि कांठोस के इस कुशासन से प्रदेश की जनता त्रस्त है,अब राजस्थान की जनता इस कांठोस से राहत चाहती है कांठोस का यह राहत शिविर एक ढकोसला मात्र है,जिस कांग्रेस को साढ़े चार साल तक राजस्थान की जनता याद नहीं आई,वह कांग्रेस अब चुनाव से पहले जनता को झूठी घोषणाएं कर खुश करने की कोशिश मे जुटी है,लेकिन राजस्थान की जनता कांग्रेस के झूठे वादों में नहीं आकर आने वाले चुनाव में कांठोस को सबक सिखाएगी,

भाजपा कार्यालय मे संगठन महामंत्री चन्द्रशेखर,नेता प्रतिपक्ष राजेंद्र राठौड़, ने अजमेर पेराफेरी क्षेत्र के लगभग 70 गांवों के कार्यकर्ताओं की बैठक ली। चंद्रशेखर ने कहा कि अजमेर फेराफेरी क्षेत्र से लाखों की संख्या मे आमजन अपने निजी साधनो के माध्यम से सभा स्थल तक पहुंचेंगे, हर घर से व्यक्ति मोदी जी की सभा में पहुंचने का आ ान किया पेराफेरी क्षेत्र के गांव के लिए प्रमुख नियुक्त किये बैठक मे अजमेर सांसद भागीरथ चौधरी,ओकार सिंह लखावत, देवी शंकर भूतड़ा, पुष्कर विधायक सुरेश सिंह रावत, प्रभारी वीरम देव सिंह,सरिता गेना,हरिराम बाना,, पूर्व देहात अध्यक्ष भगवती प्रसाद सारस्वत, महामंत्री जीतमल प्रजापत, शक्ति सिंह रावत, महेंद्र सिंह मेझवला हरिराम बाना, जिलाध्यक्ष सरपंच संघ अजमेर, जिला सदस्य, प्रधान, सरपंच, सदस्य, जनप्रतिनिधि ,कार्यकर्ता गण उपस्थित रहे।भाजपा शहर जिला अजमेर के बजरंग मण्डल अजमेर ने स्वच्छता अभियान के माध्यम से आमसभा मे आने का आमजन को दिया संदेश – प्रधानमंत्री द्वारा चलाये गए स्वच्छता अभियान के माध्यम से जन जन को जोड़ने के लिए व जनसभा के सभी वर्ग की सहभागिता हेतु स्वच्छता सैनिकों का सम्मान विजय स्मारक, बजरंगगढ चौराह पर शहर जिला अजमेर के बजरंग मंडल द्वारा किया गया जिसमें उत्तर विधायक वासुदेव देवनानी ने 51 स्वच्छता सैनिकों का सम्मान किया, व सभी स्वच्छता सैनिकों से मोदी की आम सभा में आने का आव्हान किया, मण्डल कार्यकर्ताओ ने विजय स्मारक से दीनदयाल उपाध्याय स्मारक तक के क्षेत्र में झाड़ू लगाकर स्वच्छता का संदेश देकर आमजन को मोदी जी से जोड़ते हुए 31 मई की आम सभा में आने का निमंत्रण दिया।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जनकल्याण को समर्पित 9 वर्ष पूर्ण होने पर अजमेर के कायड़ विश्राम स्थली में आयोजित कार्यक्रम की तैयारियां जोरशोर से की जा रही है।

डॉ मंजू ने किया शिविर का निरीक्षण

शाहपुरा । राजकीय स्वामी विवेकानंद मॉडल स्कूल शाहपुरा में गोल्डन फुटबॉल क्लब की ओर से चलाए जा रहे 21 दिवसीय फुटबॉल प्रशिक्षण शिविर का विशेषाधिकारी डॉ. मंजू चौधरी (आई ए एस), उपखंड अधिकारी पुनीत कुमार गैलड़ा, तहसीलदार रामकुमार जांगिड़ ने निरीक्षण किया। डॉ मंजू ने खेल मैदान में खिलाड़ियों से मुलाकात कर उनकी खेल संबंधी गतिविधियों की जानकारी ली। उन्होंने सभी खिलाड़ियों को खेल के माध्यम से देश का नाम रोशन करने की अपील कर सभी बच्चों को शुभकामनाएं दी।

खेल मैदान में प्रशिक्षण ले रहे छोटे बच्चों के उत्साह और जोश से प्रसन्न होकर उन्हें फूलों का गुलदस्ता भी भेंट किया। उपखंड अधिकारी पुनीत कुमार गेलड़ा ने ग्रीष्मकालीन अवकाश में फुटबॉल क्लब के वरिष्ठ खिलाड़ियों द्वारा बच्चों को सिखाने के लिए समय दे रहे प्रशिक्षकों की सराहना की। इस अवसर पर राजकीय मॉडल स्कूल के प्रधानाचार्य राजेश कुमार धाकड़, प्रधानाध्यापक सैयद सदाकत अली, शारीरिक शिक्षक नरेशपाल धाबाई, प्रकाश चंद्र, दीपक गांचा, सहित सभी फुटबॉल खिलाड़ी मौजूद रहे।

उपकारागृह का निरीक्षण

ब्यावर (निसं) सचिव, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण (अपर जिला एवं सेशन न्यायाधीश) अजमेर रामपाल जाट द्वारा उपकारागृह का निरीक्षण किया गया। न्यायाधीश जाट द्वारा उपकारागृह की साफ-सफाई व रसोई का निरीक्षण किया गया। अण्डर ट्रायल रिव्यु कमेटी में बंदीगण के जमानत आवेदन के लिए कारागृह, प्रभारी को निर्देश दिये। बंदियों से बातचीत कर वातार्लाप, मेल-मिलाप तथा उनके विधिक अधिकारों की जानकारी देते हुए उनकी समस्यों का निराकरण किया गया। इस दौरान बंदीगण ने नियत तारीख पेशियों पर उन्हें न्यायालयों के समक्ष पेश नहीं करने से उनके प्रकरणों के निस्तारण में विलम्ब होना बताया गया। बंदीगण की उक्त समस्या के समाधान हेतु न्यायाधीश रामपाल जाट ने बताया की न्यायिक अभिरक्षा में निरूद्ध बंदियों हेतु वीडियो कांफ्रेंसिंग की सुविधा उपकारागृह, ब्यावर व प्रत्येक न्यायालय में है, जिस बाबत् समस्त न्यायालयों को निर्देशित किया जा चुका है।

नाम परिवर्तन

मैं, विपिन कुमार सिंह पिता आर्मी नंबर 15781946एच रैंक हवालदार (ओ पी आर) नवनीत कुमार सिंह पता गांव गुलनी कुशाहा पोस्ट गुलनी तहसील और जिला बांका का हूं मैंने अपना नाम विपिन कुमार सिंह से बदल कर बिपिन कुमार सिंह रखा लिया है। भविष्य में मुझे बिपिन कुमार सिंह के नाम से जाना जाए शपथ पत्र नं. BK 839631 दिनांक 23/05/23 कोर्ट कैंपस नसीराबाद

कार्यालय नगर परिषद, ब्यावर

क्रमांक/नियमन/23-24/245 दिनांक: 24/05/2023

आम सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि धीरज चौहान पुत्र श्री प्रेम चौहान निवासी लोकाशाह नगर, ब्यावर ने राजस्व ग्राम नयानगर के खसरा नम्बर 1915 में स्थित शिव कॉलोनी के भूखण्ड संख्या 86 क्षेत्रफल 242.50 गज भूमि के आवासीय फ्री होल्ड पट्टा विलेख प्राप्त करने हेतु आवेदन प्रस्तुत किया गया है। अत एका प्रकरण में तकनीकी अधिकारियों की रिपोर्टनुसार स्वीकृत लेआउट अनुसार खण्ड का क्षेत्रफल 125.83 वर्गगज एवं मौका रिपोर्ट अनुसार 176.23 वर्ग प्राप्त हो रहा है। प्रकरण में राज्य सरकार नगरीय विकास विभाग के पत्र क्रमांक17(1)नविवि/अभियान/2021 दिनांक 20.09.2021 के आदेश के अनुसार अधिक भूमि की राशि राजकीय भूमि की दर से लिये जाने के आदेश प्रसारित है जिसके अन्तर्गत प्रार्थी को भूखण्ड संख्या 6 क्षेत्रफल 17623 वर्गगज अधिक भूमि का पट्टा विलेख दिया जाना है इस बाबद किसी व्यक्ति को कोई आपत्ति हो तो 07 दिवस के भीतर-भीतर अधोहस्ताक्षरकर्ता के समक्ष लिखित में आपत्ति प्रस्तुत कर सकते है। अन्यथा बाद मियाद आपत्ति विचारणीय नहीं होगी।

सीमायें (मौका रिपोर्ट के अनुसार)

पूर्व- प्लॉट नं. 87, 88 व 89 पश्चिम - प्लॉट नं. 85

उत्तर - रोड सेन्टर से 65 फीट दक्षिण - अन्य की भूमि

आयुक्त नगर परिषद, ब्यावर